राजस्थान सरकार

न्यायालय : उपखण्ड अधिकारी, नीमराना (कोटपूतली–वहरोड) राज0

पीठासीन अधिकारी : श्री महेन्द्रसिंह यादव (आर.ए.एस.)

| राजस्व वाद संख्या | रजू दिनांक | अन्तिम निर्णय |
|---|---|---|
| 132/2023 | 17.04.2023 | 05.02.2025 |

उनवान:

1. मंजूदेवी पत्नी उदयसिंह जाति अहीर निवारी ग्राम वीरनवास तहसील मांढण जिला कोटपूतली–वहरोड राज0।

.........वादनी

वनाम

1. अजीत पुत्र अमरसिंह
2. पूजावाई पुत्री राजेन्द्र
3. प्रमोदकुमार पुत्र राजेन्द्र
4. परविन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र
5. विरेन्द्र पुत्र अमरसिंह
6. सुनिल पुत्र अमरसिंह
7. सुनिल देवी पत्नी राजेन्द्र
8. सुरेन्द्र पुत्र सुलतान
9. अजय पुत्र श्रीराम
10. पिंकी पुत्री श्रीराम
11. मुकेश पुत्री श्रीराम
12. राजेश पुत्र ठाकरसी
13. लीला देवी पत्नी श्रीराम
14. सतसीशचद पुत्र श्रीराम
15. सुमन पुत्री श्रीराम सभी जाति अहीर निवासी ग्राम वीरनवास तहसील मांढण जिला कोटपूतली–वहरोड राज0।
16. उप पंजीयक महोदय नीमराना हाल उप पंजीयक मांढण (कोटपूतली–वहरोड)
17. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार नीमराना नई तहसील मांढण (कोटपूतली–वहरोड)

.....प्रतिवादीगण

**दावा विभाजन कृषिभूमि एवं हुक्म ईम्तनाई दवामी**

उपस्थितिः–

1. श्री मुकेश यादव योग्य अधिवक्ता वादनी की ओर से

।। निर्णय ।।

वादनी द्वारा पेश वाद पत्र के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आराजी खसरा नम्बर हाल 1004 रकवा 48 एयर, 867 रकवा 24 एयर, 10 रकवा 30 एयर, 1062 रकवा 62 एयर, 109 रकवा 07 एयर, 277 रकवा 13 एयर, 278 रकवा 12 एयर, 293/1341 रकवाा 12 एयर, 536 रकवा 68 एयर, 537 रकवा 76 एयर, 691 रकवा 01 एयर, 692 रकवा 61 एयर, 698 रकवा 22 एयर, 699 रकवा 12 एयर, 700 रकवा 25 एयर, 701 रकवा 20 एयर, 702 रकवा 27 एयर, 739 रकवा 43 एयर वाके ग्राम वीरनवास तह0 नीमराना नई तहसील माढण मे स्थित है। विवादित आराजी वादी व प्रतिवादी सं0 1 लगा0 15 की मुताविक राजस्व रिकार्ड के संयुक्त कब्जा काश्त खातेदारी की विना वटी हुयी कृषि भूमि है तथा वर्तमान खाता सं0 267 मे वर्णित आराजी के 1/16 भाग तथा वर्तमान खाता सं0 171 मे वर्णित आराजी मे वादनी का 1/48 भाग है शेष हिस्सा मुताविक राजस्व रिकार्ड प्रतिवादी सं0 1 लगा. 15 का है। आराजी मुतनाजा रिकार्ड मे सहखातेदारी मे दर्ज होने के कारण प्रतिवादी सं0 1 लगा0 15 के दिमांग मे वेईमानी आ गयी है जो आपस मे साज वाज होकर मिन वादनी के औरत जात होने का नाजायज फायदा उठाते हुऐ अच्छी अच्छी आराजी पर जवरन कब्जा करना चाहते है। मिन वादनी दिनांक 13.04.2023 को आराजी मुतनाजा मे अपने हिस्से पर सार सम्भाल कर रही थी तो प्रतिवादी सं0 1 लगा. 15 आये और मिन वादी को मेरे हिस्से पर से जवरन वेदखल कर, अच्छी से अच्छी आराजी

उपखण्ड अधिकारी
नीमराना (कोटपूतली-वहरोड)

पर जबरन कब्जा कर मौके पर कच्चा पक्का निर्माण करने एवं दिगर जगह मुन्तकिल करने की की धमकी दी । इसलिए अब आराजी मुतनाजा सामूहिक मे काश्त किया जाना सम्भव नही होने के कारण आराजी मुतनाजा मे मिन वादी के खातेदारी हिस्से का अलग से तकासामा किया जावे एवं प्रतिवादीगण को हुक्म ईम्तनाई दवामी से पाबन्द किया जाने की प्रार्थना की गई

वाद वादनी दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये नोटिस तलब किये गये। प्रतिवादी सं0 1 लगा. 17 बावजूद तलवी न्यायालय मे तारीख पेशी पर असालतन व वकालतन उपस्थित नही होने के कारण उनके विरूद्ध दिनांक 25.06.2017 को एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई गई तथा पत्रावली अग्रीम कार्यवाही हेतु दिनांक 08.07.2024 की नियत की गई।

वकील वादनी द्वारा प्रकरण का निस्तारण करने का निवेदन किया गया। प्रकरण तकसीम आराजी का होने के कारण बिना कुर्रे रिपोर्ट के, दावा मे वर्णित खसरा नम्बरान का विभाजन किया जाना सम्भव नही है। इसलिए वादनी के वाद को न्याय हित मे प्रारम्भिक रूप से डिक्री किया जाना उचित होने के कारण वाद वादनी दिनांक 08.07.2024 को प्रारम्भिक रूप से डिक्री किया जाकर वादग्रस्त भूमि पर कुर्रे रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय मे पेश करने का आदेश तहसीलदार मांढण को दिये गये।

तहसीलदार मांढण द्वारा वादग्रस्त भूमि की कुर्रे रिपोर्ट मय नक्शा तैयार करवाकर दिनांक 27.11.2024 को इस न्यायालय मे पेश की गई। तहसीलदार द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट के विरूद्ध किसी भी खातेदार/पक्षकार द्वारा आपत्ति पेश नही की गई। तहसीलदार द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया । कुर्रे रिर्पोट राजस्व रिकार्ड के मुताबिक सही पायी जाने पर वादनी का वाद कुर्रे रिपोर्ट के आधार पर डिक्री होने योग्य पाया जाता है।

।। आदेश ।।

अतः वाद वादनी तहसीलदार मांढण द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के मुताबिक डिक्री किया जाकर,दावा मे वर्णित खसरा नम्बर 1004 रकबा 48 एयर, 867 रकबा 24 एयर, 10 रकबा 30 एयर, 1062 रकबा 62 एयर, 109 रकबा 07 एयर, 277 रकबा 13 एयर, 278 रकबा 12 एयर, 293/1341 रकबाा 12 एयर, 536 रकबा 68 एयर, 537 रकबा 76 एयर, 691 रकबा 01 एयर, 692 रकबा 61 एयर, 698 रकबा 22 एयर, 699 रकबा 12 एयर, 700 रकबा 25 एयर, 701 रकबा 20 एयर, 702 रकबा 27 एयर, 739 रकबा 43 एयर वाके ग्राम बीरनवास तह0 नीमराना नई तहसील मॉढण जिला कोटपूतली–बहरोड को तहसीलदार मांढण द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के मुताबिक तकसीम किया जाकर खातेदारी दर्ज करने की घोषणा की जाती है तथा कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के मुताबिक उपरौक्त खसरा नम्बरान का अलग–अलग खाताबन्दी की जाकर हाल राजस्व जमाबन्दीयात खसरा गिरदावरीजात मे अंकन करने एवं कुर्रे रिपोर्ट के साथ संलग्न नक्शा के मुताबिक तितम्बा काटा जाकर हाल राजस्व नक्शा को तरमीम किया जाने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार मांढण द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 इस डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा। तदानुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दफतर दाखिल हो।

अंतिम निर्णय आज दिनांक ~~02.05.2025~~ 05.2.25 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

महेन्द्रसिंह यादव
उपखण्ड अधिकारी
(आर ए एस)
नीमराना (कोटपूतली–बहरोड़)

नीमराना (कोटपूतली–बहरोड)

।। पर्चा डिक्री ।।

न्यायालय : उपखण्ड अधिकारी, नीमराना (कोटपूतली–बहरोड) राज0

पीठासीन अधिकारी : श्री महेन्द्रसिंह यादव (आर.ए.एस.)

| राजस्व वाद संख्या | रजू दिनांक | अन्तिम निर्णय |
| --- | --- | --- |
| 132 / 2023 | 17.04.2023 | 05.02.2025 |

उनवान:

1. मंजूदेवी पत्नी उदयसिंह जाति अहीर निवासी ग्राम बीरनवास तहसील मांढण जिला कोटपूतली–बहरोड राज0। ........वादनी

बनाम

1. अजीत पुत्र अमरसिंह
2. पूजाबाई पुत्री राजेन्द्र
3. प्रमोदकुमार पुत्र राजेन्द्र
4. परविन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र
5. विरेन्द्र पुत्र अमरसिंह
6. सुनिल पुत्र अमरसिंह
7. सुनिल देवी पत्नी राजेन्द्र
8. सुरेन्द्र पुत्र सुलतान
9. अजय पुत्र श्रीराम
10. पिंकी पुत्री श्रीराम
11. मुकेश पुत्री श्रीराम
12. राजेश पुत्र ठाकरसी
13. लीला देवी पत्नी श्रीराम
14. सतसीशचद पुत्र श्रीराम
15. सुमन पुत्री श्रीराम सभी जाति अहीर निवासी ग्राम बीरनवास तहसील मांढण जिला कोटपूतली–बहरोड राज0।
16. उप पंजीयक महोदय नीमराना हाल उप पंजीयक मांढण (कोटपूतली–बहरोड)
17. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार नीमराना नई तहसील मांढण (कोटपूतली–बहरोड)

.....प्रतिवादीगण

दावा विभाजन कृषिभूमि एवं हुक्म ईम्तनाई दवामी

उपस्थिति:–

1. श्री मुकेश यादव योग्य अधिवक्ता वादनी की ओर से

।। आदेश ।।

अतः वाद वादनी तहसीलदार मांढण द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के मुताबिक डिक्री किया जाकर,दावा मे वर्णित खसरा नम्बर 1004 रकबा 48 एयर, 867 रकबा 24 एयर, 10 रकबा 30 एयर, 1062 रकबा 62 एयर, 109 रकबा 07 एयर, 277 रकबा 13 एयर, 278 रकबा 12 एयर, 293 / 1341 रकबाा 12 एयर, 536 रकबा 68 एयर, 537 रकबा 76 एयर, 691 रकबा 01 एयर, 692 रकबा 61 एयर, 698 रकबा 22 एयर, 699 रकबा 12 एयर, 700 रकबा 25 एयर, 701 रकबा 20 एयर, 702 रकबा 27 एयर, 739 रकबा 43 एयर वाके ग्राम बीरनवास तह0 नीमराना नई तहसील मॉढण जिला कोटपूतली–बहरोड को तहसीलदार मांढण द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के मुताबिक तकसीम किया जाकर खातेदारी दर्ज करने की घोषणा की जाती है तथा कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के मुताबिक उपरोक्त खसरा नम्बरान का अलग–अलग खाताबन्दी की जाकर हाल राजस्व जमाबन्दीयात खसरा गिरदावरीजात मे अंकन करने एवं कुर्रे रिपोर्ट के साथ संलग्न नक्शा के मुताबिक तितम्बा काटा जाकर हाल राजस्व नक्शा को तरमीम किया जाने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार मांढण द्वारा पेश कुर्रे रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 इस डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा।

पर्चा डिक्री आज दिनांक ~~02.05.2025~~ 05.02.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रां से जारी की गई।

महेन्द्रसिंह यादव

उपखण्ड अधिकारी (आर.ए.एस.)

नीमराना (कोटपूतली–बहरोड)

नीमराना (कोटपूतली–बहरोड)